पेज थ्री देहरादून

कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के मौके पर यशपाल आर्य व संजीव आर्य।



देहरादून, मंगलवार, 12 अक्टूबर 2021 

हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### कृषि मंत्री ने किया अन्न उत्सव योजना का शुभारंभ

**संवाददाता** ऋषिकेश। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, नरेंद्रनगर की ओर से मुनिकीरेती में आयोजित अन्नोत्सव कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने सफेद और अंत्योदय कार्ड धारकों को राशन बांटा। गरीब कल्याण अन्न योजना पर उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार भी प्रकट किया। सोमवार को मुनिकीरेती पालिका सभागार में आयोजित अन्नोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल और पालिकाध्यक्ष रोशन रतूड़ी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

### चारधाम जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने लगी

ऋषिकेश। चारधाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने लगी है। सोमवार को उड़ीसा, राजस्थान से आए श्रद्धालु तीन बसों में सवार होकर आस्थापथ की ओर रवाना हुए। सप्ताहभर से सन्नाटे के बाद चारधाम यात्रा बस टर्मिनल कंपाउंड में सोमवार को बाहरी प्रांतों से आने वाले तीर्थयात्रियों की चहल–पहल से रौनक लौटी। यात्री सुविधा केंद्र के बाहर चटक धूप से बचने के लिए टीन शेड के नीचे तीर्थयात्री बैठे दिखायी दिए, इनमें बच्चे, महिलाएं और पुरूष रहे। तीर्थयात्रियों ने बताया कि सभी जोधपुर, राजस्थान से आए हैं। पहली चारधाम यात्रा है।

### सीएम धामी पीएम निवास में धरना दें हम साथ देगें

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के सलाहकार व मुख्य प्रवक्ता सुरेन्द्र कुमार ने मुख्यमंत्री धामी को केन्द्र से उचित सहायता सहयोग न मिलने पर प्रधानमंत्री आवास पर धरना देने की सलाह देते हुए कहा कि हम भी आपका साथ देंगे। उन्होने कहा कि सीएम ने नीति आयोग के समक्ष फलोटिंग जनसंख्या, सीमान्त क्षेत्रों के विकास, वन भूमि स्थनानंत्रण की प्रक्रिंया, कैम्पा फंड़ में हिस्सेदारी, कैम्पा में राज्य का प्रतिनिधित्व, ग्रीन बोनस, नदीयों का पुनर्जीवन, फोरेस्ट कलेरेंस, सहित आदि डेढ़ दर्जन से अधिक मुददें रखे है।

### ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान किराने के सामान पर शानदार डील्स

**संवाददाता** देहरादून। त्योहारों का सीजन अपने दोस्तों और परिवार के साथ मनाइये और किराने के सामान पर 50 प्रतिशत तक की छूट का आनंद उठाइये। अमेज़न डॉट इन से तेज डिलीवरी की सुविधा के साथ अपने घर के लिए रोजाना इस्तेमाल के सभी सामान और सबसे बेहतरीन क्वालिटी वाले किराने के सामान की खरीदारी कीजिए और अपने घर में आराम से बैठकर प्रियजनों के लिए त्योहारों के बेहतरीन व्यंजन तैयार कीजिए।

# एक माह में राज्य में 14 लाख राशन के बैग किये जाएंगे वितरित

**शुभारम्भ**

■ सीएम पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में अन्नोत्सव कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अन्नोत्सव प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को खाद्यान्न के किट वितरित किये। जनता दर्शन हाल सीएम आवास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने छः लाभार्थियों को किट प्रदान किये। इसी प्रकार अन्नोत्सव कार्यक्रम में सम्पूर्ण माह राज्य की समस्त 9230 राशन की दुकानों के माध्यम से नि शुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। कुल 14 लाख राशन थैलों का वितरण होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने हमेशा गरीबों की चिंता की है। कोरोना काल में जब सारी आर्थिक गतिविधियां रूकी थीं, प्रधानमंत्री जी ने देश के 80 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में निशुल्क राशन सम्मान के साथ उपलब्ध करवाया।



प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि नेतृत्व क्षमता और सबका साथ, सबका विकास की भावना के कारण ही हमने एकजुटता से कोरोना का सामना किया और आज करोड़ों लोग सम्मान के साथ जीवन यापन कर पा रहे है। कोरोना संकट की घड़ी में केन्द्र तथा राज्य सरकार आप सब के साथ निरंतर खड़ी रही है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत वर्ष 2020 में अन्त्योदय एवं प्राथमिक परिवारों के लाभार्थियों को माह अप्रैल से नवम्बर कुल 8 माह तक प्रति यूनिट 05 किग्रा खाद्यान्न (गेहूं/चावल) तथा 1 किग्रा दाल प्रति कार्ड निशुल्क वितरण किया गया तथा वर्ष 2021 में अन्त्योदय एवं प्राथमिक परिवारों के लाभार्थियों को माह मई से नवम्बर कुल 7 माह तक प्रति यूनिट 05 किग्रा खाद्यान्न (गेहूँ/चावल) निःशुल्क वितरण कराया जा रहा है। आत्मनिर्भर भारत योजना के अन्तर्गत प्रवासियों/अवरूद्ध प्रवासियों हेतु भारत सरकार ने 5 किग्रा0 चावल प्रति व्यक्ति एवं 01 किग्रा0 चना प्रति परिवार निःशुल्क वितरित किया। वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के अन्तर्गत राज्य में माह अगस्त, 2020 से राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी लागू किया गया है। जिसके माध्यम से राज्य में अन्य राज्यों से आने वाले प्रवासी परिवारों को खाद्यान्न सुरक्षा उपलब्ध करायी जा रही है।

राज्य खाद्य योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा अपने संसाधनों से वर्ष 2020 तथा 2021 में माह अप्रैल से जून तक कुल 3–3 माह लगभग 10 लाख परिवारों को 12.50 किग्रा अतिरिक्त खाद्यान्न प्रति कार्ड सब्सिडाईज दरों पर वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा अपने संसाधनों से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना तथा राज्य खाद्य योजना के लगभग 24 लाख परिवारों को 2 किग्रा० चीनी प्रति कार्ड रू० 25 प्रति किग्रा0 की दर से वितरित किया गया।

### जनहित में कई आयाम स्थापित कियेः गणेश जोशी

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनहित में कई आयाम स्थापित किये। हमारी सरकार संवेदनशील सरकार है। सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास हमारा मूल मंत्र है। गरीब से गरीब व्यक्ति का कल्याण हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से विभिन्न जिलों के चयनित लाभार्थियों से बात की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना, आत्मनिर्भर भारत, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं से करोड़ों भारतीयों को लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हमने प्रदेश की जनता को कोरोना राहत पैकेज दिये। 207 प्रकार की निशुल्क जांचों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

कैबिनेट मंत्री बंशीधर भगत ने कहा कि अन्नोत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के समस्त लाभार्थियों को भोजन के साथ–साथ सम्मान प्रदान करना है।

# 162 मेधावी छात्राओं को दिये गये स्मार्ट फोन

**मैत्रैयी मेंटरशिप**

■ सीएम पुष्कर सिंह धामी ने टॉपर छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किये

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष 2021 में सभी जिलों की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च स्थान और इंटरमीडिएट में ब्लॉक स्तर पर टॉप करने वाली मेधावी बालिकाओं को स्मार्ट फोन वितरित किये। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जनता दर्शन हॉल, सीएम आवास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बाल कल्याण निधि के अंतर्गत संचालित बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना में टॉपर छात्राओं को स्मार्ट फोन दिये।



**बालिकाओं के लिए शुरू होगा मैत्रैयी मेंटरशिप कार्यक्रम** : मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही मैत्रैयी नाम से छात्राओं के लिए मेंटरशिप कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए एक पोर्टल भी विकसित किया जा रहा है। राज्य सरकार ने युवाओं के हित में अनेक निर्णय लेकर उन पर काम शुरू किया है। 24 हजार रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में आवेदन को निशुल्क किया गया है।

**हर घोषणा हो रही पूरीः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बालिकाओं को शक्ति का प्रतीक बताते हुए छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सीएम ने कहा कि उन्होंने बचपन से दो बातें जीवन में अपनाई हैं। अनुशासित रहना और अपने कमिटमेंट का पक्का रहना। आज का युग आईटी का युग है। कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षा का महत्व बढ़ा है। इसे देखते हुए हमने प्रदेश की सरकारी स्कूलों के कक्षा 10 व 12 और डिग्री कालेजों के छात्र छात्राओं को निशुल्क मोबाईल टेबलेट देने का निर्णय लिया है और इसे जल्द ही इम्प्लीमेंट किया जाएगा। जो काम शुरू कर रहे हैं, उसे पूरा भी करेंगे। जो भी राहत पैकेज घोषित किये उनकी राशि लाभार्थियों के खातों में जानी शुरु हो गई है।

### यशपाल आर्य की कांग्रेस में वापसी से भाजपा की उल्टी गिनती शुरूः धीरेंद्र प्रताप

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने कहा है कि उत्तराखंड सरकार में वरिष्ठ मंत्री व कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष यशपाल आर्य के सुपुत्र संजीव आर्य के कांग्रेस में घर वापसी से भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। दिल्ली में यशपाल आर्य व उनके पुत्र संजीव आर्य द्वारा पार्टी के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल होने को एक ऐतिहासिक घटना बताते हुए धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि यशपाल आर्य कोई साधारण नेता नहीं है ,असाधारण नेता है और कांग्रेस वापसी से राज्य भर में कांग्रेस के लाखों कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जिस तरह से पिछले कुछ दिनों से दलबदल का खेल शुरू किया था कांग्रेस को उसका जवाब देना जरूरी हो गया था। उन्होंने कहा कि यद्यपि कांग्रेस बहुत दल बदल के पक्ष में नहीं है।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।